**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 08.09.2017 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न हुई 2017/1 (अष्ठम) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह<br>कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | अध्यक्ष |
| 2 | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, शासन<br>लखनऊ।<br>के प्रतिनिधि श्री अबरार अहमद, विशेष सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन<br>के प्रतिनिधि डा0एन0के0डी0 द्विवेदी मुख्य कोषाधिकारी,<br>कोषागार,गोरखपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राम अचल सिंह,<br>पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,<br>फैजाबाद। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 के0जी0 उपाध्याय<br>विद्युत अभियंत्रण विभाग,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर | सदस्य |
| 6. | डा0 यू0सी जायसवाल,<br>कुलसचिव,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य |
| 7. | श्री दयाशंकर सिंह,<br>वित्त नियंत्रक,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य / सचिव |

वित्त समिति की अष्ठम बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत है:–

08–01 **वित्त समिति की दिनांक 09.12.2016 को सम्पन्न हुई सप्तम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की सप्तम बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गयी। समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की सप्तम बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि की गयी।

08–02 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की सप्तम बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कार्यान्वित विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की सप्तम बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए सन्तोष व्यक्त किया गया।

08–03 **इलाहाबाद बैंक में तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम फेज–तृतीय हेतु पृथक बचत खाता खोले जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त तकनीकी शिक्षा गुणवक्ता सुधार कार्यक्रम तृतीय फेज हेतु इलाहाबाद बैक में पृथक खाता खोले जाने पर सहमति प्रदान की गई।

08–04 **अतिथि गृह में ठहरने वाले अतिथियों द्वारा भुगतान की जाने वाली धनराशि के पुर्ननिर्धारण का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त अतिथि गृह में ठहरने वाले अतिथियों द्वारा भुगतान किए जाने वाली धनराशि का निम्नानुसार निर्धारण किए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

| S.N. | Type of Guest | Single Occupation | Double Occupation |
|---|---|---|---|
| 01 | Parents of students | Rs 600/ day | Rs 700/ day |
| 02 | Guest of Staff Members | Rs 600/ day | Rs 700/ day |
| 03 | For others | Rs 1000/ day | Rs 1200/ day |
| 04 | Alumni | Rs 500/ day | Rs. 600/ day |
| 05 | Official Guests (Members of BOM/AcademicCouncil/Court/ FinanceCommittee/Examination Committee/Examiners,Experts) | Nil | Nil |

08–05 <u>तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम फेज–तृतीय का प्रोक्योरमेन्ट प्लान के अनुमोदन का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम फेज–तृतीय के प्रोक्योरमेन्ट प्लान का अनुमोदन प्रदान किया गया।

08–06 <u>विभिन्न विभागो हेतु उपकरणो/फर्नीचर क्रय का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्राथमिकता निर्धारण करते हुए विश्वविद्यालय में प्राविधानित बजट/टेक्विप/रुसा/ए0के0टी0यू0/इत्यादि से प्राप्त अनुदान के अर्न्तगत धन की उपलब्धता एवं विभागों की आवश्यकता अनुसार उपकरण/फर्नीचर के क्रय की स्वीकृति प्रदान की गई।

08–07 <u>छात्र क्रिया कलाप परिषद द्वारा वर्ष 2017–18 का बजट प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त निदेश दिया गया कि छात्र क्रिया कलाप परिषद द्वारा सर्वप्रथम वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करते हुए आगणन तैयार कर उचित माध्यम से सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त आगामी वित्त समिति में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाय।

08–08 <u>आई0टी0आर0सी0 हेतु 8 अद्द एसी हेतु क्रय प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा आई0टी0आर0सी0 हेतु 8 अद्द ए0सी0 के क्रय प्रस्ताव पर सैद्वान्तिक सहमति प्रदान किया गया। व्यय का वहन इंटरनेट मद से किया जायेगा।

08–09 <u>एम0बी0ए0 विभाग हेतु कम्प्यूटर/प्रिन्टर ई–बुक्स आदि के क्रय का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा एम0बी0ए0 विभाग हेतु कम्प्यूटर/प्रिन्टर ई–बुक्स आदि के क्रय प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन एम0बी0ए0 की बचतो से किया जायेगा।

08–10 <u>विश्वविद्यालय में गठित परिसर विकास प्रकोष्ठ हेतु बजट प्रावधान का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा परिसर विकास प्रकोष्ठ हेतु रु0 40.00 लाख के बजट प्राविधान पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह सुझाव दिया गया कि संबंधित कार्य हेतु वास्तविक आगणन प्रस्तुत कर, उक्त का परीक्षणोपरान्त सक्षम स्तर की स्वीकृति के उपरान्त कार्यवाही की जाय।

08–11 **एओकेओटीओयूओ से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष प्रस्ताव।**

समिति द्वारा ए0के0टी0यू0 से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष व्यय किए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित सब–स्टेशन, पुरानी केबिल बदलने एवं नये ट्रान्सफार्मर लगाये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इस पर होने वाला व्यय ए0के0टी0यू0 से प्राप्त अनुदान से वहन किया जायेगा।

08–12 **पी0एच0डी इवैलुवेशन/वाइवा (वाह्य) तथा प्रबंध बोर्ड/वित्त समिति/अन्य समितियों मे प्रतिभाग करने वाले वाह्य सदस्यों के मानदेय में वृद्वि का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त पी0एच0डी0 इवैलुवेशन (वाह्य) हेतु रु0 5000/– प्रति थीसिस तथा वाइवा (वाह्य) हेतु रु0 4000/– प्रति थीसिस मानदेय तथा प्रबंध बोर्ड/वित्त समिति एवं अन्य समितियों में प्रतिभाग करने वाले बाह्य सदस्यों का मानदेय रु0 5000/– प्रति बैठक दिए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

08–13 **विश्वविद्यालय की वर्ष 2016–17 के बैलेन्स शीट/समाधान विवरण के अवलोकन/अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा वर्ष 2016–17 की बैलेन्स शीट/समाधान विवरण का अवलोकनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुई।

D S Singh 08/09/17
(दयाशंकर सिंह)
सदस्य/सचिव

अनुमोदित

(प्रो0 श्री निवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष